प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

10 अप्रैल 2024

प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की संभावना 2022-23

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज 'प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की संभावना 2022-23' शीर्षक से वार्षिक प्रकाशन का 10वां खंड जारी किया। इसे https://cimsdbie.rbi.org.in/DBIE. पर देखा जा सकता है। यह प्रकाशन भारतीय रिज़र्व बैंक के 'पर्यवेक्षण विभाग' द्वारा प्रकाशित किया गया है।

इस प्रकाशन में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के वित्तीय लेखा को शामिल किया गया है। यह प्रकाशन तुलन-पत्र, लाभ और हानि लेखा, अनर्जक आस्ति, वित्तीय अनुपात, कार्यालयों के राज्य-वार वितरण और प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों के विवरण की प्रमुख मदों से संबंधित समग्र जानकारी प्रदान करता है। इसके अलावा, यह प्रकाशन अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की उनकी तुलन-पत्र मदों, लाभप्रदता और कर्मचारी उत्पादकता के संबंध में बैंक-वार जानकारी भी प्रदान करता है। यह प्रकाशन रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी डाटाबेस के https://cimsdbie.rbi.org.in/DBIE लिंक के माध्यम से वार्षिक आधार पर केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इस मामले में संदर्भ के लिए प्रकाशन की कोई हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं होगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/74